पत्रिका

असली नोटों को स्कैन व रंगीन प्रिंट निकालकर बनाए गए थे नकली नोट

जोधपुर।

शास्त्रीनगर सेक्टर-सी में मकान बेचने के बदले 1.74 करोड़ के नकली नोट देने के मामले में गिरफ्तार चारों आरोपियों को आठ-आठ दिन रिमाण्ड पर भेज दिया गया है। इसमें शामिल मुख्य आरोपी ने दो साथियों की मदद से सांगरिया में पांच-पांच सौ रुपए के नोटों को स्कैन कर रंगीन प्रिंटर से नकली नोट बनाए थे। पुलिस ने सांगरिया में दबिश देकर प्रिंटर व अन्य सामग्री जब्त की है। उधर, एटीएस-एसओजी ने आरोपियों से पूछताछ की।

पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) गौरव यादव ने बताया कि प्रकरण में गिरफ्तार नागौर जिले के श्रीबालाजी गांव निवासी हनुवंतसिंह (49) पुत्र पन्नेसिंह, गंगाणा में अरिहंत आदित्य निवासी संजय शाह (45) पुत्र पदमचंद जैन, रातानाडा में हनुवंत नगर निवासी हेमंत (49) पुत्र लूणकरण कांकरिया और पाल गांव में देवासियों का बास निवासी भागीरथ उर्फ भगाराम (40) पुत्र मोडाराम देवासी को अदालत ने आठ-आठ दिन के रिमाण्ड पर भेजने के आदेश दिए हैं। इनसे पूछताछ की जा रही है। मुख्य आरोपी संजय शाह व भागीरथ के कुछ और साथी भी नकली नोट बनाने में शामिल थे। इनकी तलाश के लिए आरोपियों से पूछताछ के बाद टीमें भेजी गईं हैं। हालांकि अभी तक अन्य आरोपी पकड़े नहीं जा सके हैं।

गड्डी के ऊपर नीचे असली, बाकी नकली नोट

गौरतलब है कि सीआइडी सीबी के एएसपी चैनसिंह महेचा की सूचना पर गत 10 नवम्बर को शास्त्रीनगर थाना पुलिस ने कल्पतरू क्षेत्र में एक लग्जरी कार से 1.97 करोड़ की राशि पकड़ी थी। जांच करने पर इनमें से 1.74 करोड़ नकली नोट पाए गए थे। पांच-पांच सौ की गड्डियों के ऊपर व नीचे असली नोट थे। बाकी नोट नकली थे। इनमें एक ही सीरियल नम्बर के अनेक नोट शामिल थे। मुख्य आरोपी संजय शाह ने भागीरथ उर्फ भगाराम देवासी और एक अन्य व्यक्ति की मदद से सांगरिया में नकली नोट बनाए थे। पांच-पांच सौ के असली नोट को स्कैन करने के बाद रंगीन प्रिंटर पर प्रिंट निकाले गए थे। पुलिस ने यह प्रिंटर और अन्य सामग्री जब्त की है। नकली नोट बनाने के लिए संजय शाह ने अन्य दोनों को करीब दो लाख रुपए दिए थे।

Source: https://www.patrika.com/jodhpur-news/fake-notes-were-made-by-scanning-real-notes-and-taking-color-prints-8589018/